Title: Need to provide financial assistance to the Government of Bihar for desiltation of canals in Begusarai district.

श्री सूरज सिंह (बलिया, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, बेगूसराय जिला के मंझौल एवं बखरी अनुंडलों के बीच प्रसिद्ध कावर झील अवस्थित है। वर्া 1952 में ही इस झील/ चौर में एक नहर की स्थापना की गई थी जो मंझौल के समीप जयमंगलागढ़ से प्रारम्भ होकर बगरस गेट तक 07 किलोमीटर क्षेत्रफल में फैली है। विगत 20-25 वर्ाों से इस नहर की समुचित देखभाल, मरम्मत नहीं होने के कारण कावर के 14 चौर जल जमाव से प्रभावित हो गए। परिणामस्वरूप इस क्षेत्र की कृाि योग्य भूमि जलमग्न हो गई, कृाि उत्पादन ठप्प हो गया, किसानों की रोजी-रोटी छिन गई, अधिकतर किसान भूमिहीन हो गए और कितने भुखमरी के कगार पर आ पहुंचे । क्षेत्र की खुशहाली बदहाली में तबदील हो गई। जल जमाव से ग्रसित यह शत-प्रतिशत कृाि उत्पादन योग्य भूमि वाला यह क्षेत्र ग्रामीण परिवेश एवं अति पिछड़ी जगह पर अ वस्थित है। यहां के लोगों की आजीविका का मुख्य साधन कृाि उत्पादन ही है। सरकार द्वारा इस ग्रामीण क्षेत्र की जल निकासी का काम नहीं करने के कारण वह क्षेत्र कृाि उत्पादन के साथ-साथ ग्रामीण विकास में भी अत्यधिक पिछड़ गया है। मैं सदन के माध्यम से कावर क्षेत्र स्थित नहर/चौर को प्राथमिकता के आधार पर सफाई, सौन्दर्यीकरण एवं डबल फाटक का निर्माण कर इस जल जमाव को बगल की नदी (04 किलोमीटर के भीतर) में जोड़ कर इस कृाि योग्य भूमि को खेती योग्य बनाने ए वं क्षेत्र के विकास हेतु सरकार को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के लिए विशो अनुरोध करता हूं। साथ ही मेरा केन्द्र सरकार से यह भी अनुरोध है कि इस कार्य के लिए राज्य सरकार को समुचित धन उपलब्ध कराए।